## खबर संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री आज रहेंगे शहडोल जिले के प्रवास पर



शहडोल। उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ला 13 मार्च को जिले के प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उप मुख्यमंत्री 13 मार्च को प्रातः 7 बजे रीवा से प्रस्थान करेंगे तथा प्रातः 9:30 बजे शहडोल पहुंचेंगे। प्रातः 10 से कोर ग्रुप की बैठक में भाग लेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल प्रातः 11 बजे से बिरसा मुण्डा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल में ब्लड बैंक का शुभारंभ करेंगे एवं टेली मेडिसिन सेवा तथा एसपीव्ही वैक्सीनेशन कार्यक्रम की समीक्षा करेंगे। मध्यान्ह 02 बजे स्थानीय आईटीआई कैम्पस में आयोजित रोटरी क्लब द्वारा आयोजित राहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ करेंगे। अपरान्ह 2:45 बजे शहडोल से रीवा के लिए प्रस्थान करेंगे।

### जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न



शहडोल। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनांतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार जिले में पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय के महात्मा गांधी स्टेडियम में जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती प्रभा मिश्रा ने प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों के खिलाड़ियों को शील्ड, प्रतीक स्वरूप चेक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में जिले के सभी जनपदों से बालक वर्ग की 8 टीम एवं बालिका वर्ग की 4 टीमों सहित कुल 12 टीमों ने भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बालक वर्ग में नगर पालिका शहडोल की टीम ने प्रथम स्थान, बुढ़ार ने द्वितीय स्थान तथा ब्यौहारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार बालिका वर्ग में जनपद पंचायत सोहागपुर की टीम ने प्रथम स्थान, जनपद पंचायत जयसिंहनगर ने द्वितीय स्थान तथा पंडित शंभूनाथ विश्वविद्यालय की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक एवं बालिका वर्ग में विजेता टीमों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रथम पुरस्कार 21,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 11,000 रुपये तथा तृतीय पुरस्कार 5,100 रुपये की राशि का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती फूलवती सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह, जिला समन्वयक अखिलेश कुमार मिश्रा सहित अन्य अधिकारी, खेल प्रशिक्षक, खिलाड़ी एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

न्यायालय की आंखों में धूल झोंकने वाला यूपी से गिरफ्तार

### फर्जी अंकसूची के दम पर कानून से खेल रहा था शातिर धर्मवीर

बुढ़ार पुलिस ने फर्रुखाबाद में घेराबंदी कर किया शिकार

शहडोल। कानून के हाथ लंबे होते हैं, यह कहावत एक बार फिर सच साबित हुई है। फर्जी दस्तावेज तैयार कर माननीय न्यायालय को गुमराह करने और न्याय व्यवस्था को चुनौती देने वाले शातिर जालसाज धर्मवीर को बुढ़ार पुलिस ने उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद से धर दबोचा है। आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 10,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था, जिसे पुलिस टीम ने उसके सुरक्षित ठिकाने से खींच निकाला।

**न्यायालय को दी चुनौती, पुलिस ने दिया जवाब**

पूरा मामला फरवरी 2024 का है, जब बुढ़ार पुलिस ने एक अपहरण के मामले (धारा 363) में संदेही अंकित सिंह को शाजापुर से पकड़ा था। इस मामले में खुद को बचाने के लिए अंकित ने न्यायालय में फर्जी अंकसूची और जाली दस्तावेज पेश कर जमानत हथियाने की कोशिश की। जब पुलिस ने गहराई से तफ्तीश की, तो इस बड़े फर्जीवाड़े की परतें खुलीं और नाम सामने आया धर्मवीर का, जिसने ये फर्जी कागजात तैयार किए थे।

**फरारी काटने का सपना चकनाचूर**

बुढ़ार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जालसाजी और धोखाधड़ी (धारा 420, 467, 468, 471) का शिकंजा कसा, लेकिन आरोपी धर्मवीर फरार हो गया। वह समझ रहा था कि राज्य बदलकर वह कानून की पहुंच से बाहर है। मगर निरीक्षक विनय गहरवार के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों के जाल के जरिए 11 मार्च को उसे उत्तर प्रदेश में दबोच लिया।

## हजारों मरीजों को मिलेगा उपचार

# शहडोल में आज से तीन दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**शहडोल। शहडोल में शुक्रवार 13 मार्च से तीन दिवसीय विशाल रोटरी राहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ होने जा रहा है। शिविर में देश के प्रतिष्ठित अस्पतालों के विशेषज्ञ डॉक्टर मरीजों को निःशुल्क उपचार और परामर्श देंगे। डालमिया ग्रुप के चेयरमैन युग डालमिया तथा कम्युनिटी एक्शन थ्रू मोटिवेशन प्रोग्राम की संचालक प्रियंका द्विवेदी ने लोगों से शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने की अपील की है।**



आदिवासी अंचल के लोगों को बेहतर और विशेषज्ञ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शहडोल में तीन दिवसीय विशाल रोटरी राहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 13, 14 और 15 मार्च को शासकीय आईटीआई परिसर में आयोजित होगा। शिविर का शुभारंभ प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल शुक्रवार को दोपहर 2 बजे करेंगे। इस शिविर का आयोजन रोटरी क्लब शहडोल, मंडला मैकल एवं जबलपुर, राजकृष्ण तन्खा फाउंडेशन, स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है। शिविर में देश के कई प्रतिष्ठित सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों के विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों की जांच कर निःशुल्क उपचार एवं परामर्श प्रदान करेंगे।

शिविर की तैयारियों का जायजा लेने गुरुवार को कलेक्टर डॉ. केदार सिंह आईटीआई परिसर पहुंचे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए शीतल पेयजल, छायादार बैठक व्यवस्था, पर्याप्त दवाइयों की उपलब्धता और जांच सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने बताया कि शिविर में कैंसर, रीढ़ रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग, छाती एवं श्वास रोग, शिशु रोग, किडनी, घुटना, मूत्र, चर्म रोग, कटे-फटे होंठ, नाक-कान-गला सहित कई गंभीर बीमारियों के विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे। इसके साथ ही डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी, ईको, ईसीजी, कैंसर जांच, आंखों की जांच, डायबिटीज जांच और फेफड़ों की कार्यक्षमता की जांच जैसी सुविधाएं भी मरीजों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। शिविर में मेदांता मेडिसिटी गुरुग्राम, बॉम्बे हॉस्पिटल मुंबई, लीलावती अस्पताल मुंबई, मणिपाल हॉस्पिटल नोएडा, चिरायु मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल भोपाल, श्री नारायण हॉस्पिटल रायपुर और जबलपुर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर सहित कई प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। इसके अलावा शासकीय मेडिकल कॉलेज शहडोल, जिला चिकित्सालय, आदित्य हॉस्पिटल, अमृता हॉस्पिटल और श्रीराम हॉस्पिटल का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहेगा।

### मील का पत्थर साबित होगा आयोजन



इस अवसर पर डालमिया ग्रुप के चेयरमैन युग डालमिया ने कहा कि आदिवासी और दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना समाज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब द्वारा आयोजित यह शिविर मील का पत्थर साबित होगा और इससे हजारों लोगों को निःशुल्क उपचार का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर वर्गों तक चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाने के लिए उद्योग जगत और सामाजिक संस्थाओं को आगे आकर सहयोग करना चाहिए।

### 12 राज्यों में कैंप दे रहा सेवाएं



कम्युनिटी एक्शन थ्रू मोटिवेशन प्रोग्राम (कैंप) की संचालक प्रियंका द्विवेदी ने कहा कि उनकी संस्था पिछले दो दशकों से स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में कार्य कर रही है और वर्तमान में देश के कई राज्यों में सक्रिय है। उन्होंने बताया कि संस्था के माध्यम से जननी वाहन, 108 एम्बुलेंस सेवाएं और अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं आम लोगों तक पहुंचाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। प्रियंका द्विवेदी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं या लंबे समय से उपचार के लिए परेशान हैं, वे इस शिविर में आकर विशेषज्ञ डॉक्टरों से निःशुल्क जांच और उपचार का लाभ लें। उन्होंने कहा कि यदि किसी मरीज को किसी भी प्रकार की सहायता या मार्गदर्शन की आवश्यकता हो तो वह सीधे संस्था से संपर्क कर सकता है। उन्होंने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा ही संस्था का मुख्य उद्देश्य है और प्रदेश भर में जहां भी जरूरत होगी, वहां कम्युनिटी एक्शन थ्रू मोटिवेशन प्रोग्राम (कैंप) और सहयोगी संस्थाएं मिलकर लोगों की सहायता करती रहेंगी। आयोजकों ने भी आम नागरिकों से इस स्वास्थ्य शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की है।

# उपभोक्ता के नाम पर किसी और को दे दिया गैस सिलेंडर!




### शहडोल में गैस एजेंसी पर कालाबाजारी का शक, पीड़ित ने लगाई न्याय की गुहार

**शहडोल। जिले में घरेलू गैस वितरण व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। एक उपभोक्ता के नाम पर गैस सिलेंडर किसी अन्य व्यक्ति को दिए जाने का मामला सामने आने के बाद गैस एजेंसी की कार्यप्रणाली पर संदेह गहराने लगा है। पीड़ित उपभोक्ता का आरोप है कि उसे लगातार गुमराह किया जा रहा है और उसके नाम पर सिलेंडर जारी होने के बावजूद उसे गैस देने से मना किया जा रहा है। मामले को लेकर उपभोक्ता ने राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराते हुए जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।**

जानकारी के अनुसार शहडोल निवासी अजय ने बताया कि उनके दादा जी के नाम पर हिंदुस्तान पेट्रोलियम का एलपीजी कनेक्शन है। अजय के मुताबिक पिछले डेढ़ से दो वर्षों से उनके परिवार ने गैस सिलेंडर नहीं लिया था। हाल ही में जब वह गैस लेने के लिए शहडोल स्थित नर्मदा गैस एजेंसी पहुंचे, तो वहां मौजूद कर्मचारियों ने यह कहकर सिलेंडर देने से मना कर दिया कि उनके नाम से कुछ दिन पहले ही सिलेंडर जारी किया जा चुका है और अब नया सिलेंडर 28 दिन बाद ही मिल सकेगा। अजय का कहना है कि यह सुनकर वह हैरान रह गए, क्योंकि उनके परिवार ने लंबे समय से कोई सिलेंडर नहीं लिया है। इसके बावजूद सिस्टम में उनके नाम से सिलेंडर जारी होना गंभीर गड़बड़ी की ओर इशारा करता है। पीड़ित को आशंका है कि किसी अन्य व्यक्ति को उसकी गैस आईडी का इस्तेमाल कर सिलेंडर दे दिया गया, जो गैस वितरण व्यवस्था में संभावित कालाबाजारी या फर्जी वितरण का मामला हो सकता है। पीड़ित उपभोक्ता का यह भी आरोप है कि जब उन्होंने एजेंसी कर्मचारियों से इस बारे में जानकारी मांगी तो उन्हें स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया। उल्टा उन्हें टालमटोल कर वापस भेज दिया गया, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ गई। अजय का कहना है कि वह कई बार एजेंसी के चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन हर बार उन्हें अलग-अलग बहाने बनाकर लौटा दिया जाता है। मामले से परेशान होकर अजय ने राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई है। उनकी शिकायत का क्रमांक 8871247 है। शिकायत में उन्होंने मांग की है कि या तो उन्हें तुरंत गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए या फिर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इस घटना के सामने आने के बाद जिले में गैस वितरण व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। यदि उपभोक्ताओं के नाम पर इस तरह से सिलेंडर जारी किए जा रहे हैं, तो यह न केवल एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगाता है, बल्कि आम लोगों के अधिकारों के साथ भी खिलवाड़ है।

स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन, खाद्य विभाग और संबंधित तेल कंपनी से मांग की है कि इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कराई जाए। यदि कालाबाजारी या फर्जी वितरण की पुष्टि होती है तो संबंधित गैस एजेंसी और जिम्मेदार कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी भी उपभोक्ता को इस तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।



# उप मुख्यमंत्री आज निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का करेंगे शुभारंभ

### कलेक्टर ने स्वास्थ्य शिविर की तैयारियां का लिया जायजा

**शहडोल। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल संभागीय मुख्यालय के शासकीय आईटीआई परिसर में रोटरी क्लब शहडोल, मण्डला मैकल एवं जबलपुर, राजकृष्ण तन्खा फाउण्डेशन तथा स्वास्थ्य विभाग एवं जिला प्रशासन के तत्वाधान में 13 मार्च को तीन दिवसीय आयोजित होने वाले विशाल रोटरी राहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ करेंगे।**

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने आयोजित होने वाले 03 दिवसीय (13 मार्च से 15 मार्च) निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के आयोजन हेतु की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में आने वाले मरीजो को किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। ग्रीष्मऋतु को दृष्टिगत रखते हुए शीतल पेयजल एवं छायादार बैठक व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि पर्याप्त मात्रा में दवाईयां उपलब्ध रहे एवं मरीजो को शिविर स्थल में उपचार एवं चिकित्सको को द्वारा परामर्श दिए जाने संबंधित सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान चिकित्सक सुविधाओ, उपकरणो, ब्लड की उपलब्धता, सोनोग्राफी, वाहन पार्किंग, ठहरने की व्यवस्था जैसे अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओ पर जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियो को दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने निरीक्षण के दौरान अवगत कराया कि 13,14 एवं 15 मार्च को प्रातः 9 बजे से शाम 6 बजे तक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में सुपर स्पेशियलिटी विभागो के विशेषज्ञो द्वारा निःशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श दिया जाएगा, जिसमें कैंसर रोग, रीढ़ रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग, छाती एवं श्वास, शिशु रोग, किडनी, घुटनो, मूत्र, चर्म, कटे फटे होंठ, नाक कान, गला आदि शामिल है। साथ ही डिजीटल एक्स-रे, सोनोग्राफी ईको, ईसीजी कैंसर की जांच ऑख की जांच, डायबिटीज की जांच, फेफड़ो की कार्यक्षमता की परीक्षण की जांच निःशुल्क की जाएगी। निरीक्षण के दौरान रोटरी क्लब के सदस्य एवं निजी अस्पतालो के चिकित्सक एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें। शिविर स्थल में आने वाले मरीजों के पंजीयन परामर्श, चिकित्सकों के बैठक व्यवस्था, दवा वितरण के लिए अलग-अलग काउन्टर बनाए गए हैं। आईटीआई के प्रशासनिक भवन में विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों की बैठक व्यवस्था तथा विभिन्न जांचों हेतु उपकरणों की व्यवस्था की गई है। साथ ही बाहर से आने वाले लोगों के स्वल्पाहार एवं भोजन की व्यवस्था पेमेन्ट के आधार पर ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित दीदी कैफे के माध्यम से की गई है।

# कमिश्नर ने संकल्प से समाधान शिविर में सुनी लोगों की समस्याएं







### आंगनबाड़ी केंद्र में मध्यान्ह भोजन वितरण कार्य का लिया जायजा, विभिन्न कार्यों का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

**शहडोल।** कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने जनपद पंचायत गोहपारू के ग्राम पंचायत करुआ, असवारी एवं हर्रहाटोला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत करुआ में आयोजित संकल्प से समाधान शिविर का निरीक्षण किया। कमिश्नर ने शिविर में आए लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनीं तथा उनके निराकरण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही लोगों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनहितकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जाए। इसके पश्चात कमिश्नर ने ग्राम पंचायत असवारी में सम्पूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत संचालित आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों को वितरित किए जा रहे मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता का परीक्षण किया तथा बच्चों से भोजन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी केंद्रों में निर्धारित मीनू के अनुसार मध्यान्ह भोजन का वितरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने आंगनवाड़ी से संबंधित विभिन्न सूचकांकों की प्रगति की भी समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कमिश्नर ने आंगनवाड़ी केन्द्र में दर्ज गर्भवती माताओं की एएनसी जांच, उन्हें दिए जा रहे टेक होम राशन वितरण की जानकारी, बच्चों एवं गर्भवती माताओं के टीकाकरण की जानकारी प्राप्त की। केन्द्र में बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण, बच्चों के कुपोषण की पहचान हेतु वजन एवं लम्बाई की माप, पंजी का संधारण तथा बच्चों की उपस्थिति की जानकारी लेते हुए केन्द्र में शत-प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से गर्भवती माताओं से संपर्क में रहें तथा सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित कराने हेतु क्रिटिकल गर्भवती मताओं को समय रहते संस्थागत प्रसव हेतु प्रेरित करें।कमिश्नर ने ग्राम पंचायत हर्रहाटोला में खेत-तालाब, जल निगम से संबंधित कार्यों तथा वहां स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण कर कार्यप्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यों में गुणवत्ता के साथ प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं के कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति, अनुविभागीय अधिकारी जयसिंहनगर सुश्री काजोल सिंह तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गोहपारू सुधीर कुमार दिनकर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### 26 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** थाना अंतर्गत लालपुर गांव में 26 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बारे में मिली जानकारी अनुसार लालपुर गांव निवासी दुर्गेश यादव की पत्नी राजवती यादव 26 वर्ष ने बुधवार गुरुवार की दरमियानी रात अपने ही घर मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पुलिस ने बताया कि गुरुवार की सुबह दस बजे थाने मे सूचना मिली की महिला ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी है सुबह चार बजे मृतिका के पति ने देखा तो परिजनों को सूचना दी। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस आत्महत्या के कारणों के विवेचना मे जुट गई है।

### गबन के मामले मे आरोपी को गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** पुलिस ने गबन करने के मामले मे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेश किया गया है। घटना के बारे मे थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल ने बताया कि दो फरवरी को शिकायतकर्ता दीपनारायण पाण्डेय ने शिकायत दर्ज करवाई कि वह अवंती फाइनेंस कंपनी कोतमा मे ब्राच मैनेजर के पद पर पदस्थ हैं कंपनी महिलाओं को समूह के माध्यम से रूपये फाइनेंस करती है जिसे फिल्ड मे जाकर किस्तों की वसूली कंपनी मे कार्यरत फील्ड कर्मचारियों के द्वारा वसूल किया जाता है कंपनी मे कार्यरत फील्ड आफीसर विकास पिता राजेश्वर पाण्डेय निवासी खोडरी नं एक के द्वारा वसूले गये किस्त के चार लाख पचहत्तर हजार रुपए कंपनी मे जमा नही किया गया। थाने मे आरोपी विकास पाण्डेय के विरुद्ध धारा 318(4) 316(5)का कायम कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस आरोपी की तलाश मे जुटी थी। मंगलवार को सहायक उपनिरीक्षक विनय सिंह, प्रधान आरक्षक ज्ञानेंद्र पासी के द्वारा आरोपी विकास पाण्डेय को जर्रा टोला गांव से गिरफ्तार करते हुए आरोपी के कब्जे से एक मोबाइल जप्त करते हुए न्यायालय मे पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी राजनगर द्वारा पंचायत एवं वार्डों में कमेटी के गठन की बैठक संपन्न



**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** राजनगर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत फुलकोना में विगत दिवस ब्लॉक कांग्रेस कमेटी राजनगर द्वारा पंचायत स्तर पर कांग्रेस कमेटी का गठन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव एवं मध्यप्रदेश से सह प्रभारी चंदन यादव एवं अनूपपुर कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष श्याम कुमार गुड्डू चौहान की अध्यक्षता तथा राहुल सिंह परिहार ब्लॉक अध्यक्ष राजनगर एंव राजनगर ब्लॉक के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी एवं समस्त कार्यकर्ता के उपस्थित में फुलकोना पंचायत में कांग्रेस कमेटी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आने वाले दिनों में समस्त जिले के ग्राम पंचायतो के वार्डों में कांग्रेस कमेटी का गठन कर कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को मजबूत किया जाएगा।

### प्रभारी मंत्री ने जिले के प्रथम अटल सुशासन भवन का गोपालपुर में किया लोकार्पण



**उमरिया।** प्रदेश शासन के अनुसूचित जाति कल्याण विभाग एवं जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान ने करकेली विकास खंड के ग्राम गोपालपुर में 37.50 लाख रुपये की लागत से निर्मित अटल सुशासन भवन नवीन ग्राम पंचायत भवन का लोकापर्ण किया एवं पंचायत का निरीक्षण किया। अटल सुशासन भवन में सरपंच कक्ष,सचिव कक्ष, अभिलेख कक्ष,कम्प्यूटर कक्ष, अतिथि कक्ष,रसोई कक्ष , सभाकक्ष का निर्माण किया गया है । निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत गोपालपुर है। इसकी विशेषता यह है कि यह पंचायत भवन जिले का पहला अटल सुशासन भवन है।जिले में कुल 20 अटल भवन स्वीकृत किए गए हैं। इस अवसर पर विधायक बाँधवगढ़ शिव नारायण सिंह, अध्यक्ष जनपद पंचायत करकेली प्रियंका मून सिंह, कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन,सी ई ओ जिला पंचायत अभय सिंह, वनमंडलाधिकारी विवेक सिंह,सरपंच बेला बाई बैगा,आसुतोष अग्रवाल,सी ई ओ जनपद पंचायत करकेली ऋषभ शुक्ला सहित जिला प्रमुख अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सरकार का लक्ष्य कृत संकल्प के साथ हो नागरिकों की हर समस्या का समाधानर: प्रभारी मंत्री

# ग्राम गोपालपुर में संकल्प से समाधान के तहत शिविर संपन्न








### सर्वहारा वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही प्रदेश सरकार - विधायक बांधवगढ़

**उमरिया।**

प्रदेश सरकार की मंशा अनुसार उमरिया जिले में संकल्प से समाधान अंतर्गत क्लस्टर स्तर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों के माध्यम से जनता से आवेदन प्राप्त करके उनका निराकरण कि दिशा में कार्य किया जा रहा है।संकल्प से समाधान के तहत आयोजित हो रहे शिविर ग्रामीणों को हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में मील का पत्थर साबित होगे।उक्त आशय के विचार प्रदेश शासन के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान ने करकेली विकासखंड के ग्राम गोपालपुर में आयोजित संकल्प से समाधान के तहत आयोजित शिविर को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

उन्होने कहा कि उमरिया जिले में पहला अटल सुशासन भवन(पंचायत भवन) ग्राम गोपालपुर में लोकार्पित किया गया है,जो क्षेत्रवासियों के लिए गौरव की बात है।यह सर्व सुविधा युक्त है। इस भवन में सरपंच कक्ष, सचिव कक्ष,सभा कक्ष,अतिथि कक्ष, कम्प्यूटर कक्ष का निर्माण किया गया है।उन्होंने कहा कि गांव गांव मे पक्की सडक्रो का जाल बिछाया जा रहा है। पक्की सडक्रों का जाल बिछने से ग्रामीणों का आवागमन सुगम हो गया है तथा लोगों की पहुंच बाजार एवं शहरी क्षेत्रों तक आसान हुई है जिससे ग्रामीणों के आर्थिक स्तर में भी सुधार देखने को मिल रहा है।उन्होंने कहा कि विकासखंड करकेली में 31 हजार ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास बनाने की राशि दी जा चुकी है।आवास के पक्के हो जाने पर ग्रामीणों को बरसात के दिनों में होने वाली परेशानियों से मुक्ति मिल रही है।उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा है कि प्रदेश सरकार व्दारा क्लस्टर स्तर पर लगाए जा रहे संकल्प से समाधान शिविर का अधिक से अधिक संख्या में लाभ उठाएं।क्लस्टर स्तर पर समाधान होने वाली समस्याओं का निराकरण यहीं किया जाएगा। ग्रामीणों को शिविर के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर लाभांवित करने का कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक बांधवगढ श्री शिवनारायण सिंह ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार सर्वहारा वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार का संकल्प है कि ग्रामीणों की समस्याओं का ग्राम स्तर पर ही निराकरण किया जाए,इस उद्देश्य से संकल्प से समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। ग्रामीणों की जिंदगी में खुशहाली लाना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। उन्होने कहा कि भारत सरकार व्दारा जनजाति वर्ग के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। पीएम जन मन आवास योजना के तहत पात्र व्यक्तियो को पक्के आवास का लाभ दिया जा रहा है। ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से लाडली बहनें सशक्त बन रही हैं। महिलाएं ग्रामीण आजीविका मिशन से जुडकर विभिन्न उत्पादों को तैयार कर रही है तथा उनका विक्रय करके बेहतर ढंग से परिवार का संचालन कर रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि जिले में 27 ग्राम पंचायतों में संकल्प से समाधान अभियान के तहत शिविरों का आयोजन 12 मार्च से किया जा रहा है जो अनवरत 31 मार्च तक किया जाएगा। यह शिविर 4 चरणों मे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आयोजित किए जा रहे है।दस क्लस्टरों को जोडकर एक क्लस्टर बनाया गया है। शिविर के माध्यम से 100 से अधिक योजनाओं का लाभ ग्रामीणों का प्रदाय किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि अभी तक 33365 में से 28766 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आशुतोष अग्रवाल ने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान के तहत आयोजित हो रहे शिविरों से ग्रामीणों को हितग्राही मूलक योजनाओं कि जानकारी मिलने के साथ लाभ प्रदाय किया जा रहा है। उन्होने कहा कि ग्रामीणजन शिविर तक निश्चित रूप से पहुंचे और शासकीय योजनाओं का लाभ उठाएं। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन के साथ किया गया। कार्यक्रम में ग्राम बिरहुलिया के नर्तक दल व्दारा लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गई।जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान तथा अन्य अतिथियों ने संकल्प से समाधान अभियान के तहत आयोजित शिविर में प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा विभाग प्रमुखों व्दारा ग्रामीण जनों को उपलब्ध कराई जा रही योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के अंत में जिला प्रभारी मंत्री सहित अन्य अतिथियों ने वृध्दावस्था पेंशन,संबल योजना के तहत अनुग्रह सहायता,खतौनी का वितरण,लाडली लक्ष्मी योजना , सर्वाकिल का टीकाकरण कराने वाले हितग्राहियों को लाभांवित किया। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी विवेक सिंह,सरपंच बेला बाई बैगा,आसुतोष अग्रवाल,सीईओ जनपद पंचायत करकेली ऋषभ शुक्ला सहित जिला प्रमुख अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।





### जिला प्रभारी मंत्री का उमरिया में किया गया आत्मीय स्वागत



**उमरिया।** प्रदेश शासन के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान का उमरिया जिले में आगमन पर अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया है। इस अवसर पर कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन,पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी,एसडीएम बांधवगढ अंबिकेश प्रताप सिंह,श्री आशुतोष अग्रवाल सहित अन्य जिला प्रमुख अधिकारियों ने स्वागत किया।

### वन्य जीव तेंदुआ का वन परिक्षेत्र धमोखर अंतर्गत बीट रायपुर में मिला शव

**उमरिया।** उप संचालक बांधवगढ टाईगर रिजर्व ने बताया कि एक वन्यजीव तेन्दुआ के शव प्राप्त होने की घटना वन परिक्षेत्र धमोखर बफर अंतर्गत बीट-रायपुर के कक्ष क्रमांक- पीएफ 173 में वन गश्ती के दौरान तेंदुआ की मुत्यु होना प्रकाश में आई है। जिस पर एनटीसीए नई दिल्ली एवं कार्यालय मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक मध्यप्रदेश, भोपाल से जारी दिशा-निर्देश अनुरूप त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना स्थल को सुरक्षित किया गया व डॉग स्क्वाड तथा मेटल डिटेक्टर की सहायता से घटना स्थल एवं उसके आस-पास छानबीन की कार्यवाही की गई। प्रथम दृष्टया वन्यजीव तेन्दुआ की मौत अन्य मांसाहारी वन्यप्राणी के द्वारा आपसी संघर्ष के कारण होना पाया गया। मृत तेन्दुआ के शरीर के सभी अंग सुरक्षित पाये गये। प्रकरण में शेष जांच कार्यवाही प्रचलित है।



# प्रस्फुटन समितियों के क्षमता वर्धन हेतु प्रशिक्षण आयोजित

### सामाजिक भागीदारी बढ़ाने पर दिया गया जोर

**हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।**

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के नेतृत्व में विकासखंड अनूपपुर के सेक्टर क्रमांक 04 में प्रस्फुटन समितियों के क्षमता वर्धन के उद्देश्य से प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण नगर विकास प्रस्फुटन समिति पसान की नवांकुर संस्था के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न ग्रामों की प्रस्फुटन समितियों के सदस्य एवं नवांकुर सखियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत चुकान की सरपंच श्रीमती उर्मिला सिंह द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत करते हुए परामर्शदाता श्रीमती शिवानी सिंह एवं श्रीमती कृष्णा देवी ने मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की कार्यप्रणाली, उद्देश्यों तथा विभिन्न सामाजिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रतिभागियों को दी। प्रशिक्षण के दौरान प्रस्फुटन समितियों के गठन, उनकी भूमिका और दायित्वों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही समिति के कार्यों के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक रिकार्ड संधारण की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। नवांकुर संस्था के माध्यम से संचालित गतिविधियों तथा सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम के बारे में भी प्रतिभागियों को विस्तारपूर्वक बताया गया, ताकि वे समाज में जागरूकता और जनभागीदारी को बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर सकें। कार्यक्रम के अंत में जिला समन्वयक उमेश कुमार पांडे ने सभी प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों को समाजहित में सक्रिय होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जन अभियान परिषद का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है, जिसके लिए प्रस्फुटन समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित प्रस्फुटन समितियों एवं नवांकुर सखियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। कार्यक्रम में सेक्टर क्रमांक 04 की नवांकुर संस्था पसान के प्रतिनिधियों के साथ प्रस्फुटन समितियों के सदस्य तथा नवांकुर सखियों ने भाग लिया। इसमें पसान, भालूमाड़ा, चुकान, बरतराई, भलवाही, प्यारी नंबर 2 और गंभीरवा टोला की प्रस्फुटन समितियों के सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभागियों को संगठनात्मक कार्य, सामाजिक नेतृत्व और सामुदायिक विकास की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में स्वास्थ्य व्यवस्था चौपट

## मंत्री के विधानसभा क्षेत्र में भगवान भरोसे संचालित स्वास्थ्य

### विशेषज्ञ चिकित्सकों का अभाव, आए दिन आ रही विवाद की नौबत

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा अंतर्गत स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चौपट नजर आ रही है कहने को तो मंत्री दिलीप जायसवाल का विधानसभा क्षेत्र है और यहां की स्वास्थ्य व्यवस्था भगवान भरोसे संचालित की जा रही है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ माने जाने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा अंतर्गत स्वास्थ्य केदो में विशेषज्ञ चिकित्सकों का अभाव है इन केदो की स्थापना के बाद भी विशेषज्ञों के पद खाली पड़े हैं जिससे 2 लाख 36 हजार की आबादी जिसमें 130 गांव आते हैं वह केवल बुनियादी प्राथमिक उपचार पर निर्भर है। बता दे कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूर्व से संचालित है। 30 बिस्तर क्षमता वाले स्वास्थ्य केंद्र में विशेषज्ञ चिकित्सक के साथ सर्जन जैसे पदों की पदस्थापना है। 130 गांव की करीब दो लाख छत्तीस हजार आबादी में गिनती के ही चिकित्सक हैं वह भी चिकित्सा अधिकारी व संविदाधारी चिकित्सक शामिल है। विशेषज्ञ चिकित्सक न होने से उन्हें सीधे कटनी शहडोल के साथ जबलपुर रेफर किया जाता है। डॉक्टर ना होने से आए दिन विवाद की नौबत आ रही है। ज्यादातर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर ही नहीं है वहां भगवान भरोसे चिकित्सा व्यवस्था संचालित की जा रही है।




#### ये है प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत आठ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जिनमें निगवानी, बेलिया बड़ी, बिजुरी, राजनगर, मलगा, पसान, पयारी, चोडी पोड़ी के साथ ही 46 उप स्वास्थ्य केंद्र एवं दो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित हो रहे हैं।

#### आठ डाक्टरों के भरोसे स्वास्थ्य व्यवस्था

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत विषय विशेषज्ञ के साथ ही 34 डॉक्टरों की पदस्थापना होनी चाहिए लेकिन वर्तमान में आठ डॉक्टरों के भरोसे ही स्वास्थ्य व्यवस्था संचालित की जा रही है।

#### ये है पदस्थ

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में डॉक्टर केएल दीवान जो खंड चिकित्सा अधिकारी के पद पर पदस्थ हैं, डाक्टर गणेश प्रजापति नियमित, डॉक्टर आनंद विश्वकर्मा, डॉक्टर बेबी नाज, डॉ विकास पांडे, डॉ अनुराग सिंह संविदा को कोतमा मे अटैच किया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी मे पदस्थ डाक्टर योगेश धनवार को बिजुरी स्वास्थ्य केंद्र मे अटैच किया गया है जिसके कारण कोठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खाली है इसके साथ ही निगवानी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मे बांड मे आये डाक्टर चारू जैन को पदस्थ किया गया है। पयारी मे आयुष चिकित्सक डाक्टर शशिकांत चौधरी की पदस्थापना की गई है पसान स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टर विपिन प्रसाद की पदस्थापना है लेकिन उन्हें कोतमा बुला लिया जाता है मलगा स्वास्थ्य केंद्र मे डाक्टर कमलेश अगरिया की पदस्थापना की गई है। राजनगर बेलिया बड़ी मे चिकित्सक ही नहीं है जिसके कारण स्वास्थ्य व्यवस्था भगवान भरोसे संचालित की जा रही है।

#### किया जा रहा रिफर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा अंतर्गत कोतमा नगर पालिका क्षेत्र की आबादी लगभग 32 हजार पार कर चुकी है जबकि पूरे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत यह आंकड़ा 236000 के करीब है। इसके बावजूद अस्पताल में अटैचमेंट चिकित्सकों से काम चलाया जा रहा है। सर्जन, स्त्री रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ जैसे महत्वपूर्ण पदों के रिक्त होने से गंभीर मरीजों को जिला चिकित्सालय अनूपपुर, शहडोल एवं मेडिकल कॉलेज शहडोल एवं जबलपुर रेफर कर दिया जाता है जिसके कारण मरीज के साथ ही परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

#### करना पड़ता है असुविधा का सामना

30 बिस्तर की क्षमता होने के बावजूद विशेषज्ञों के अभाव में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या नगण्य है। अस्पतालों में विशेषज्ञों की कमी का सीधा असर गरीब ग्रामीणों की जेब और जान पर पड़ रहा है। स्थानीय स्तर पर इलाज न मिलने से झोलाछाप प्रेक्टीसनरों के पास जाने को मजबूर हैं। गर्भवती महिलाओं के लिए ज्यादा जोखिम है। ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों ने बताया कि एनेस्थीसिया और सर्जन ना होने से प्रसव के दौरान जटिलता होने पर रेफरल ही एकमात्र विकल्प बचता है जो आपात स्थिति में जानलेवा हो सकता है।

#### लंबे समय से की जा रही मांग

लंबे समय से नागरिकों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विषय विशेषज्ञ डॉक्टर के साथ ही अन्य डॉक्टरों की मांग की जा रही है लेकिन शासन के द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

#### मंत्री के क्षेत्र मे हाल बेहाल

कहने को तो कोतमा विधानसभा क्षेत्र से दिलीप जायसवाल को मध्य प्रदेश शासन में मंत्री पद से नवाजा गया है लेकिन उनके ही विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा भगवान भरोसे संचालित हो रही है इतना ही नहीं उनके गृह नगर बिजुरी में तो स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर ही नहीं है कोठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉक्टर योगेश धनवार को अटैक करते हुए काम चलाया जा रहा है।

#### इनका कहना है

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डॉक्टरों की कमी को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों को पत्राचार किया जा रहा है। कई जगह डॉक्टर के पद रिक्त है आसपास के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के डॉक्टरों को अटैचमेंट करते हुए काम चलाया जा रहा है।

**डाक्टर के यल दीवान**
**खंड चिकित्सा अधिकारी**
**कोतमा**

# थाना रामनगर पुलिस की रात्रि कॉम्बिंग गश्त में 6 वारंटियों पर कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज राजनगर।**

पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम एवं एसडीओपी कोतमा नवीन तिवारी के मार्गदर्शन में थाना रामनगर पुलिस द्वारा न्यायालय के वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाया गया। गत रात्रि थाना रामनगर पुलिस द्वारा क्षेत्र में 'कॉम्बिंग गश्त' के दौरान न्यायालय से जारी वारंटों की तामील करते हुए कुल 03 स्थायी गिरफ्तारी वारंट, 01 वसूली वारंट (पत्नी के भरण-पोषण संबंधी) तथा 02 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए। स्थायी वारंटी में पप्पू चौधरी पिता अंगद चौधरी, निवासी



सेमरा धारा 13 जुआ एक्ट, पूरन प्रसाद उर्फ गंगा कॉल पिता सोहनलाल कॉल, निवासी राम मंदिर धारा 323, 506, 34 भादवि, सम्राट कोल पिता शंकर कोल, निवासी आरटीओ बैरियर रामनगर धारा 13 जुआ एक्ट, वसूली वारंटी में. भुवनेश्वर केवट पिता लोकनाथ केवट, निवासी आमडाड (पत्नी के भरण-पोषण संबंधी प्रकरण), गिरफ्तारी वारंट में रवि प्रकाश केवट पिता सुंदरलाल केवट, निवासी रेउदा धारा 13 जुआ एक्ट, छबलु बंसल पिता भोगीलाल बंसल, निवासी आमाडांड धारा 13 जुआ एक्ट, उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सुमित कौशिक, एएसआई विनोद नाहर, एचसी खलखो, आरक्षक अमित पटेल, अनुराग भार्गव, अनुराग सिंह, भानुप्रताप एवं सुशील की सराहनीय भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### रोटरी राहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सर्जरी हेतु रक्तदान शिविर आयोजित

शहडोल। जिला मुख्यालय शहडोल में आईटीआई कैम्पस में 13 से 15 मार्च तक आयोजित होने वाले रोटरी राहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सर्जरी हेतु रक्त की आवश्यकता को देखते हुए जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में 11 मार्च को रोटरी क्लब शहडोल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 41 यूनिट रक्त का संग्रहण किया गया। रक्तदान शिविर में ब्राइटन स्कूल के स्टाफ तथा दिव्य मुस्कान क्लब की महिला सदस्यों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय की सिविल सर्जन एवं रोटेरियन डॉ. शिल्पी सराफ, डॉ. शमीम अंसारी तथा ब्लड बैंक के स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में जिला योजना समिति की सदस्य श्रीमती अमिता चपरा भी उपस्थित रहीं और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। रक्तदान करने वाले प्रमुख व्यक्तियों में विजय दुबे, राजेश गुप्ता, मनीष केजरीवाल, विपिन द्विवेदी, विनय तिवारी, मनीष केजरीवाल, डॉ. दीपक कुशवाहा, सोमेश गुप्ता, प्राशी आसवानी, सुरजीत सिंह, साक्षी दुबे, संजय मिश्रा, धर्मेंद्र शर्मा, गौरव ओचानी, ज्योति मांझी, विशाल कुशवाहा, रमेश तिवारी, कृष्णा सोनी, पार्थ द्विवेदी, गोविंद यादव, मंजू गुप्ता, निभा गुप्ता, आकांक्षा गुप्ता, वंदिता गुप्ता, मोहित सिंह, अभिषेक शर्मा, जयप्रकाश साहू, पलक गुप्ता, संदीप साहू, अमित बजाज, सारांश गुप्ता, आशीष कुमार साहू, सोन किरण ताम्रकार, राजेश्वरी गुप्ता, आशीष निगम तथा क्षितिज कटारे शामिल रहे। वहीं रोटेरियन परिवार से अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता की पुत्री कु. आकांक्षा गुप्ता एवं पुत्र सोमेश गुप्ता ने भी रक्तदान कर समाज सेवा का संदेश दिया। इसके अलावा व्यावसायिक प्रतिष्ठान श्री कृष्णा ज्वेलर्स के कर्मचारियों ने रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया। कार्यक्रम के दौरान रोटेरियन प्रकाश गुप्ता, अजय विजरा, संजय शर्मा, राजेश श्रीवास्तव, अमित गुप्ता बंटी, अमित कुमार गुप्ता, डॉ. अभिषेक गर्ग, दलजीत सिंह, विवेक खोडियार, सत्येंद्र सोनी, कृष्ण कुमार गुप्ता एवं रविशंकर पाठक, विनोद प्रधान सहित अन्य रोटेरियन साथियों ने उपस्थित होकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। रोटरी क्लब शहडोल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता, सचिव विनोद प्रधान एवं कोषाध्यक्ष रवि शंकर पाठक ने रक्तदान शिविर को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी रोटेरियन साथियों, रक्तदाताओं तथा सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया।

# बकायादारों पर बिजली विभाग का कड़ा प्रहार
# बिना बिल भुगतान कनेक्शन जोड़ा तो खैर नहीं

**बुढार। विद्युत विभाग इन दिनों बकाया राशि की वसूली को लेकर बेहद सख्त रुख अपनाए हुए है। बुढार संभाग में वर्तमान में 'युद्ध स्तर' पर बिजली बिल के बकायादारों के विरुद्ध कनेक्शन विच्छेदन (काटने) की कार्रवाई संचालित की जा रही है। विभाग की इस सख्ती से नियम तोड़नें वालों में हड़कंप मचा हुआ है।**

### करोड़ों की वसूली के लिए सघन अभियान

आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी 2026 से लेकर अब तक कुल 665 बकायादार उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन पोल से काट दिए गए हैं। इन उपभोक्ताओं पर विभाग की कुल 1.18 करोड़ रुपये की राशि बकाया है। विभाग केवल कनेक्शन काटकर शांत नहीं बैठा है, बल्कि कटे हुए कनेक्शनों की सघन जांच भी की जा रही है।

### चोरी से बिजली जोड़ी तो होगी जेल

विद्युत विभाग की टीम क्षेत्र में निरंतर गश्त कर रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जिन लोगों के कनेक्शन काटे गए हैं, वे अवैध रूप से दोबारा बिजली का उपयोग न करें।



जांच के दौरान यदि कोई उपभोक्ता बिना बिल जमा किए कनेक्शन चालू करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध गैर-जमानती धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किए जा रहे हैं।

### 53 उपभोक्ताओं पर गिरी गाज

कनिष्ठ अभियंता (बुढार) विकाश गोन्दुडें ने बताया किः₹जांच अभियान के दौरान अब तक 53 ऐसे बकायादार चिह्नित किए गए हैं जिन्होंने कनेक्शन कटने के बाद अवैध रूप से बिजली जोड़ ली थी। इन सभी के विरुद्ध विद्युत अधिनियम की धारा 138 एवं 135 के तहत पंचनामे तैयार किए गए हैं। इन मामलों को शीघ्र ही न्यायालय में पेश किया जाएगा ताकि दोषियों को दंडित किया जा सके।₹

### विभाग की अपील

बिजली विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई और असुविधा से बचने के लिए समय पर अपने बिजली बिलों का भुगतान करें। विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि बिना बिल भुगतान के विद्युत का उपयोग करना दंडनीय अपराध है और इसमें कोई रियायत नहीं दी जाएगी।

# भक्ति और श्रद्धा के माहौल में शुरू हुआ श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ, नगर में निकली भव्य कलश यात्रा





धनपुरी। नगर के वार्ड क्रमांक 17 में श्रद्धा और भक्ति के वातावरण के बीच 09 मार्च से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। अखिल ब्रह्मांड नायक परमपिता परमेश्वर की असीम कृपा और पूर्वजों के आशीर्वाद से आयोजित इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन शामिल होकर कथा श्रवण कर रहे हैं।

आयोजन की शुरुआत 09 मार्च को भव्य कलश यात्रा एवं शोभा यात्रा के साथ हुई। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर नगर भ्रमण किया और भक्ति गीतों के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद देवपूजन, श्रीमद् भागवत महापुराण बैठकी एवं कथा महात्म्य का आयोजन किया गया।

इस संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का वाचन वृंदावन धाम के पूज्य आचार्य मधुर जी महाराज द्वारा किया जा रहा है। वे प्रतिदिन कथा के माध्यम से भगवान की लीलाओं और धर्म, भक्ति तथा सदाचार का संदेश दे रहे हैं। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का रसपान कर रहे हैं।

कथा के दौरान विभिन्न दिनों में अलग-अलग प्रसंगों का वर्णन किया जा रहा है। 10 मार्च को श्री भगवान चरित्र, कपिलोपाख्यान और ध्रुव चरित्र, 11 मार्च को जड़ भरत कथा, अजामिल उपाख्यान एवं भक्त प्रह्लाद चरित्र, 12 मार्च को वामन चरित्र, श्रीराम चरित्र तथा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का वर्णन हुआ। वहीं 13 मार्च को श्रीकृष्ण बाल लीला, गोवर्धन पूजा एवं छप्पन भोग, 14 मार्च को कृष्ण लीला, गोपी-उद्धव संवाद और श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया जाएगा। 15 मार्च को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, व्यास पूजन एवं चढ़ौत्री का आयोजन होगा।

कथा का समापन 16 मार्च को गीता पाठ, हवन-पूर्णाहुति, कन्या भोजन, ब्राह्मण भोजन एवं प्रसाद वितरण के साथ होगा।

आयोजन में कथा श्रोता राजसंत कचेर एवं गीता देवी कचेर सहित परिवारजन एवं क्षेत्र के श्रद्धालु सक्रिय रूप से सेवा दे रहे हैं। प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक देवपूजन तथा शाम 3 बजे से 7 बजे तक कथा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया है।अगर आप चाहें तो मैं इसी समाचार के 3-4 अलग-अलग संस्करण (अलग हेडलाइन और शैली में) भी बना सकता हूँ, ताकि आप इन्हें अलग-अलग अखबारों में प्रकाशित कर सकें।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर संघर्षशील एकल माताओं का सम्मान, रंग पंचमी पर होली मिलन समारोह आयोजित




धनपुरी। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लीनेस क्लब द्वारा समाज में साहस और आत्मनिर्भरता के साथ जीवन जी रही संघर्षशील एकल माताओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर कामिनी सिंह और अर्चना कुकरेजा को उनके संघर्ष, साहस और अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में बताया गया कि दोनों महिलाएं एकल माता के रूप में अपने परिवार की जिम्मेदारियों को मजबूती से निभाते हुए समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत कर रही हैं। क्लब द्वारा उनके हौसले और आत्मविश्वास की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। क्लब की अध्यक्ष बिंदा भगत ने कहा कि ऐसी संघर्षशील एकल माताओं का सम्मान करना समाज के लिए प्रेरणादायक है। उनके साहस और आत्मनिर्भरता से अन्य लोगों को भी कठिन परिस्थितियों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

इस अवसर पर रंग पंचमी के उपलक्ष्य में होली मिलन समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें क्लब की सभी सदस्याओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं तथा आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान उत्साहपूर्ण वातावरण में सभी ने पारंपरिक होली मिलन की परंपरा निभाई।

इस अवसर पर क्लब की सचिव अंजु दुआ, कोषाध्यक्ष अर्चना ओझा सहित साधना अग्रवाल, स्नेहलता गुप्ता, शैला गुप्ता, मीनू गुप्ता, नागमणि मानिकपुरी, जसमीत कौर, अंजना जैन, अंजू मिश्रा, सरिता अग्रवाल, श्यामा गुप्ता, प्रतिमा जैन, आरती खनूजा और रजनी जैन उपस्थित रहीं। सभी ने समाज सेवा तथा महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।



### कृषि विज्ञान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन 14 को

कटनी। विकासखण्ड बड़वारा अंतर्गत नगर परिषद बरही के मेला ग्राउंड में 14 मार्च को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन के यादव के मुख्य आतिथ्य में कृषि विज्ञान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर आशीष तिवारी ने किसान कल्याण तथा कृषि विकास, कृषि विज्ञान केन्द्र, पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, उद्यानिकी विभाग, आदि विभागों को विभागीय गतिविधियो के प्रदर्शन हेतु स्टॉल लगाने के निर्देश दिये हैं।

# नगर पालिका शहडोल का गंदा खेल

### आईजी बंगले के बगल में उड़ेल रहे सैप्टिक टैंक का जहर
### तालाबों को मार डाला, अब रहवासी बस्तियों में परोसी जा रही बीमारियां

**शहडोल। शहडोल नगर पालिका इन दिनों जनसेवा के लिए नहीं, बल्कि अपने अजब-गजब और शर्मनाक कारनामों के लिए चर्चा में है। जिस अमले पर शहर की सफाई का जिम्मा है, वही अमला भ्रष्टाचार और लापरवाही के दलदल में डूबकर शहर को बीमारियों का गिफ्ट बांट रहा है। हद तो तब हो गई जब कायदों को रौंदते हुए नगर पालिका के वाहन सैप्टिक टैंकों का मल आईजी बंगले के बगल में खाली कर रहे हैं, जिससे पूरे इलाके में महामारी का खतरा मंडरा रहा है।**

### मैकी प्लांट को ठेंगा, सडक़ों पर फैला रहे गंदगी

नियम कहता है कि घरों से निकलने वाले मल को मैकी स्थित ट्रीटमेंट प्लांट में ले जाकर नष्ट करना है, जिसके लिए जनता से मोटी फीस भी वसूली जाती है। लेकिन नगर पालिका के कथित खास कर्मचारी महेश साहू और उनके तंत्र ने डीजल बचाने या काम चोरी के चक्कर में वीआईपी इलाके और रहवासी बस्तियों को डंपिंग यार्ड बना दिया है। आस-पास रहने वाले नागरिकों का जीना मुहाल हो गया है, लेकिन पालिका के कर्णधार कुंभकर्णी नींद में सो रहे हैं।

### तालाबों की हत्या कर चुका है प्रशासन

एक तरफ चौपाटी स्थित तालाब अपनी आखिरी सांसें गिन रहा है। पानी का ऑक्सीजन लेवल इतना गिर चुका है कि फव्वारा चलते ही सुगंध की जगह सड़ांध फैल जाती है। वहीं, बगल का दूसरा तालाब भी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। सुधार के नाम पर करोड़ों डकारने वाली नगर पालिका अब बचे-कुचे जलस्त्रोतों को भी दूषित करने का कोई मौका नहीं छोड़ रही है।

### सत्ता की हनक या सिस्टम की लाचारी

आखिर किसके इशारे पर नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं? क्या प्रशासन को आईजी बंगले जैसी संवेदनशील जगह के पास गंदगी फैलाना दिखाई नहीं देता? शहर की जनता पूछ रही है कि जब प्लांट बना है, तो गंदगी बीच बस्ती में क्यों? यदि जल्द ही यह गंदा खेल बंद नहीं हुआ, तो नागरिक सडक़ों पर उतरने को मजबूर होंगे।

# जल संरक्षण के संकल्प के साथ गोपालपुर में प्रभारी मंत्री, विधायक व अधिकारियों ने किया बोरी बंधान






उमरिया। जल ही जीवन है। जल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है । जल संरक्षण की दिशा में सरकार के साथ साथ आम जनों को भी अपने स्तर पर सहयोग करना होगा, तभी हम आने वाली पीढी के लिए जल बचा पाएंगे। उक्त आशय के विचार प्रदेश शासन के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान ने करकेली विकासखंड के ग्राम गोपालपुर में आयोजित बोरी बंधान कार्यक्रम को संबोधित करते हुये व्यक्त किए । उन्होने कहा कि जल के बिना पृथ्वी पर जीवन की कल्पना नही की जा सकती है। बोरी बंधान के हो जाने पर इसका लाभ ग्रामीणों सहित मवेशियों को मिलेगा। बोरी बंधान कार्यक्रम पूर्णतः सामूहिक सहयोग पर केन्द्रित है, जिसमें लोगों का सहयोग ही इसे सफल बना सकता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक बांधवगढ शिवनारायण सिंह ने कहा कि जल संरक्षण और जल संवर्धन को लेकर बोरी बंधान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।ग्रामीण जन इस अभियान में बढ़-चढक़र सम्मिलित हों और अभियान को सफल बनायें। उन्होंने कहा कि जल हमारी जरूरत का प्रमुख अंग है और इसका संचय कर ही हम भविष्य की आवश्यकता को सहेज सकते हैं। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष करकेली प्रियंका मून सिंह, कलेक्टर धरणेंद्र कुमार जैन,सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह,वनमण्डलाधिकारी विवेक सिंह,सरपंच बेला बाई बैगा,आसुतोष अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

# शहडोल में अब शोर नहीं, शांति चलेगी

### रात्रि 10 बजे के बाद सन्नाटा अनिवार्य

शहडोल। आगामी धार्मिक त्यौहारों और कानून-व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने अपनी मंशा साफ कर दी है। गुरुवार को सोहागपुर एसडीएम श्रीमती अमृता गर्ग और डीएसपी मुख्यालय राजेन्द्र मोहन दुबे की मौजूदगी में हुई डीजे संचालकों की बैठक महज़ एक चर्चा नहीं, बल्कि अंतिम चेतावनी साबित हुई। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि आस्था के नाम पर अश्लीलता, उत्तेजना और शोर का तांडव अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### भडक़ाऊ संगीत बजाया तो सीधे जेल

बैठक में कोतवाली प्रभारी राघवेन्द्र द्विवेदी और सोहागपुर थाना प्रभारी अरुण पाण्डेय ने डीजे संचालकों को आईना दिखाते हुए कहा कि किसी भी कीमत पर सांप्रदायिक भावना भडक़ाने वाले या आपत्तिजनक गाने नहीं बजने चाहिए। पुलिस का खुफिया तंत्र ऐसे हुड़दंगी संचालकों पर पैनी नजर रखेगा। अगर किसी भी डीजे की वजह से शहर का सौहार्द बिगड़ा, तो संबंधित संचालक के खिलाफ ऐसी वैधानिक कार्रवाई होगी कि उनका व्यवसाय ठप होना तय है।

### नियमों का डेसीबल तय, 10 बजते ही सन्नाटा

प्रशासन ने सख्त हिदायत दी है कि रात्रि 10 बजे के बाद डीजे का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। कोई वीआईपी सिफारिश काम नहीं आएगी। निर्धारित डेसीबल से एक पॉइंट ऊपर भी शोर हुआ, तो मशीनें जब्त कर ली जाएंगी। त्यौहार खुशियों के लिए हैं, पड़ोसियों और बीमारों को परेशान करने के लिए नहीं।

### अब अपील नहीं, कार्रवाई का दौर

एसडीएम अमृता गर्ग ने सख्त लहजे में कहा कि प्रशासन सहयोग की अपेक्षा रखता है, लेकिन नियमों के उल्लंघन पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। डीजे संचालकों को साफ कर दिया गया है कि वे केवल व्यापार न देखें, बल्कि शहर की शांति के प्रति अपनी जिम्मेदारी भी समझें। शहडोल पुलिस अब सडक़ों पर केवल पहरा नहीं देगी, बल्कि शोर मचाने वाले यंत्रों पर कानूनी हथौड़ा भी चलाएगी।



## खबर संक्षेप

### अवैध संबंध के शक में हुई हत्या का खुलासा



**बदरा/जमुना।** भालूमाड़ा थाना पुलिस ने अंधी हत्या के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती-उर-रहमान के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगनाथ सिंह मरकाम एवं एसडीओपी कोतमा के मार्गदर्शन में की गई। जानकारी के अनुसार 11 जनवरी को ग्राम पंचायत दारसागर के सरपंच द्वारा मोबाइल से सूचना दी गई कि ग्राम दारसागर में खेत के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव और मोटरसाइकिल पड़ी है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी भालूमाड़ा उप निरीक्षक विपुल शुक्ला अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जांच में सिहराखार स्थित श्यामसुंदर प्रजापति के खेत में एक व्यक्ति का शव मिला, जिसके सिर पर किसी भारी औजार से गंभीर चोट के निशान थे। मौके पर मिले मोबाइल फोन के आधार पर मृतक की पहचान शोभा नामदेव (50) निवासी वार्ड क्रमांक 11, दफाई नंबर 3 भालूमाड़ा के रूप में हुई। मृतक के पुत्र अनुज नामदेव की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 15/2026 धारा 103 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज और साइबर सेल की मदद से मोबाइल नंबरों की टावर लोकेशन व सीडीआर का विश्लेषण किया। जांच के दौरान प्रीतम केवट (42) निवासी ग्राम पोंडी भर्रा टोला तथा रोहित केवट (40) निवासी ग्राम चोंडी थाना भालूमाड़ा पर संदेह हुआ। पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि मृतक शोभा नामदेव का प्रीतम केवट के घर आना-जाना था और उसके घर की महिलाओं से अवैध संबंध होने का शक था। कई बार मना करने के बावजूद मृतक नहीं माना, जिससे नाराज होकर दोनों आरोपियों ने योजना बनाकर उसे भरोसे में लेकर घटनास्थल पर बुलाया और लोहे की रॉड से सिर पर वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड तथा मोटरसाइकिल जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी भालूमाड़ा उप निरीक्षक विपुल शुक्ला, गुरु चतुर्वेदी, महिपाल प्रजापति, कृपाल सिंह तथा सुप्रिया त्रिपाठी की सराहनीय भूमिका रही।

### आपदा प्रबंधन एवं बोरवेल रेस्क्यू का जिला स्तरीय प्रशिक्षण जैतहरी में संपन्न

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह विभाग तथा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण एवं क्षमता वृद्धि कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को जनपद पंचायत जैतहरी में विशेष प्रशिक्षण एवं मॉकड्रिल का आयोजन होमगार्ड विभाग अनूपपुर के नेतृत्व में किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्तर पर रिस्पॉन्स टीम की क्षमता को सुदृढ़ करना है, ताकि आपदा की स्थिति में जन-धन की हानि को न्यूनतम किया जा सके।

## अनूपपुर स्टेशन पर बोर्ड में शौचालय-स्नानागार, लेकिन बाथरूम नदारद

# गति शक्ति का 'गजब कारनामा'







**मध्यप्रदेश के अनूपपुर रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के नाम पर चल रहे कार्य अब सवालों के घेरे में हैं। प्लेटफॉर्म पर लगे बोर्ड में "पे एंड यूज शौचालय एवं स्नानागार" लिखा है, लेकिन अंदर बाथरूम ही नहीं है। इतना ही नहीं, स्टेशन के नाम की स्पेलिंग तक गलत लिखी गई है। इससे रेलवे प्रशासन और ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।**

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अनूपपुर रेलवे स्टेशन पर पिछले चार-पांच महीनों से नवीनीकरण और जनसुविधाओं के नाम पर कार्य चल रहा है। बताया जा रहा है कि प्लेटफॉर्म पर बनाए जा रहे पे एंड यूज शौचालय और स्नानागार के निर्माण की जिम्मेदारी भारतीय रेल के गति शक्ति विभाग से जुड़ी एजेंसी के पास है। लेकिन निर्माण कार्य में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आ रही हैं। बोर्ड पर भुवनेश्वर स्टाइल का आधुनिक शौचालय और स्नानागार लिखा गया है, जबकि अंदर बाथरूम की व्यवस्था ही नहीं दिखाई दे रही। वहीं प्लेटफॉर्म पर लगे फ्लेक्स बोर्डों में स्टेशन का नाम भी गलत लिखा गया है, कहीं "अन्नूपुर" तो कहीं "अनुपपूर" लिखा हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह केवल छोटी गलती नहीं बल्कि रेलवे जैसी प्रतिष्ठित संस्था की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने वाली स्थिति है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि महीनों से चल रहे कार्य के दौरान रेलवे अधिकारियों की नजर इन गलतियों पर क्यों नहीं पड़ी और अब तक इन्हें सुधारा क्यों नहीं गया।

**बोर्ड में शौचालय-स्नानागार, अंदर कुछ नहीं**

प्लेटफॉर्म पर लगाए गए बोर्ड में साफ लिखा है कि यहां पे एंड यूज शौचालय और स्नानागार की सुविधा उपलब्ध है। लेकिन जब यात्री अंदर जाते हैं तो वहां बाथरूम की व्यवस्था ही नहीं मिलती। इससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का आरोप है कि यदि निर्माण पूरा नहीं हुआ था तो बोर्ड लगाने की क्या जल्दबाजी थी।

### स्टेशन के नाम की गलत स्पेलिंग





प्लेटफॉर्म पर लगे फ्लेक्स बोर्डों में अनूपपुर स्टेशन का नाम भी गलत लिखा गया है। कहीं "अन्नूपुर" तो कहीं "अनुपपूर" लिखा दिखाई देता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रेलवे जैसे बड़े संस्थान में इस तरह की गलती बेहद शर्मनाक है। यदि अधिकारियों ने निर्माण से पहले दस्तावेजों की जांच कर ली होती तो शायद यह स्थिति नहीं बनती।

### शिकायतों के बावजूद नहीं हुआ सुधार

स्थानीय लोगों के अनुसार इस संबंध में कई बार ठेकेदार और रेलवे अधिकारियों को शिकायत की जा चुकी है। बावजूद इसके अब तक स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। लोगों का आरोप है कि कॉन्ट्रैक्ट एजेंसी अपनी गलती सुधारने के बजाय बहानेबाजी कर रही है और जिम्मेदार अधिकारी भी इस पर गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं।

### अधूरा फुटओवर ब्रिज, पटरी पार करने को मजबूर यात्री

स्टेशन पर फुटओवर ब्रिज का निर्माण भी बेहद धीमी गति से चल रहा है। इसके कारण यात्रियों को एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाने के लिए रेलवे लाइन पार करने का जोखिम उठाना पड़ रहा है। खासकर रात में जब ट्रेनें लेट होती हैं तो यात्री जल्दबाजी में सीधे पटरियों से होकर गुजरते हैं, जिससे हादसे का खतरा बढ़ जाता है।

### स्टेशन के बाहर गंदगी और बदबू

स्टेशन परिसर के बाहर शौचालय और मूत्रालय की उचित व्यवस्था नहीं होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई लोग मजबूरी में स्टेशन परिसर के आसपास ही शौच या पेशाब करने लगते हैं, जिससे गंदगी और बदबू फैल रही है। लोगों का कहना है कि यदि रेलवे प्रशासन यात्रियों की सुविधा के लिए स्थायी व्यवस्था करे तो यह समस्या आसानी से हल हो सकती है।

## बिजुरी पुलिस की सक्रियता से साइबर फ्रॉड के 60 हजार रुपये पीड़ित को वापस





**हरिभूमि न्यूज, बिजुरी।** जिले में साइबर अपराध के मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए बिजुरी पुलिस ने एक पीड़ित को बड़ी राहत दिलाई है। अज्ञात साइबर ठगों द्वारा ऑनलाइन धोखाधड़ी कर निकाली गई राशि में से करीब 60 हजार रुपये वापस दिलाने में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर्र रहमान द्वारा साइबर धोखाधड़ी के मामलों में त्वरित प्रतिक्रिया की मानक प्रक्रिया निर्धारित की गई है। इसी निर्देश के तहत शिकायत मिलते ही संबंधित थाने द्वारा तत्काल सूचना दर्ज कर फ्रॉड से गई राशि को होल्ड कराने की कार्रवाई की जाती है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम एवं एसडीओपी कोतमा नवीन तिवारी के मार्गदर्शन में थाना बिजुरी पुलिस ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार 14 जनवरी 2026 को बिजुरी निवासी नियती देवानी ने थाना बिजुरी में शिकायत दर्ज कराई कि अज्ञात साइबर ठगों ने ऑनलाइन धोखाधड़ी कर उनके बैंक खाते से 88,825 रुपये निकाल लिए हैं। शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामले को साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा साइबर पोर्टल पर दर्ज कर संबंधित बैंक एवं वित्तीय संस्थानों से समन्वय स्थापित किया और संदिग्ध खाते को फ्रीज कराया। त्वरित कार्रवाई के चलते ठगी गई राशि में से लगभग 60 हजार रुपये होल्ड करा लिए गए। इसके बाद विधिक प्रक्रिया पूरी कर मामला न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से पीड़ति को होल्ड की गई राशि वापस करने के आदेश जारी हुए। इस प्रकार बिजुरी पुलिस की सक्रियता से पीड़ति को बड़ी राहत मिली है। इस कार्रवाई में निरीक्षक विकास सिंह, उप निरीक्षक मानिम टोप्पो, आरक्षक आनंद कुमार, रवि सिंह तथा साइबर सेल अनूपपुर से पंकज मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अज्ञात कॉल, लिंक या लालच में आकर अपनी बैंक संबंधी जानकारी, ओटीपी या पासवर्ड साझा न करें। साइबर धोखाधड़ी होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराएं।

## पानी बेचने वाली कंपनियों की हो गुणवत्ता जांच

### नियमों की अनदेखी कर सप्लाई हो रहा अमानक पानी



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** मध्यप्रदेश के अनूपपुर में बोतलबंद और पैक्ड पेयजल बेचने वाली कई कंपनियों की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। आरोप है कि बिना मानकों का पालन किए पानी पैक कर शहर में बेचा जा रहा है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग और खाद्य सुरक्षा विभाग की निगरानी पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। जिले में पैक्ड पेयजल का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन इसके साथ ही पानी की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल भी सामने आने लगे हैं। शहर में कई निजी संचालक बिना पर्याप्त जांच और मानकों का पालन किए पानी पैक कर बाजार में बेच रहे हैं। जानकारों का कहना है कि गंदे या दूषित पानी के उपयोग से हैजा, डायरिया और अन्य जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। इसके बावजूद संबंधित विभागों द्वारा नियमित जांच नहीं की जा रही है। कई स्थानों पर पानी के पाउच और बोतलों में पैक कर खुलेआम बिक्री की जा रही है, लेकिन इन प्लांटों में साफ-सफाई और शुद्धिकरण की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि समय रहते इन प्लांटों की जांच नहीं की गई तो यह लोगों के स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। इसलिए प्रशासन और खाद्य सुरक्षा विभाग को तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी जल पैकेजिंग इकाइयों की गुणवत्ता जांच सुनिश्चित करनी चाहिए।

### खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत अनिवार्य है लाइसेंस

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अनुसार पैक्ड पेयजल का उत्पादन और बिक्री करने वाली सभी इकाइयों के पास वैध लाइसेंस होना अनिवार्य है। बिना लाइसेंस या पंजीयन के पानी का उत्पादन और बिक्री करना कानूनन अपराध है। साथ ही उत्पादन इकाई को साफ-सफाई और गुणवत्ता मानकों का पालन करना भी जरूरी है।

### बीआईएस प्रमाणन जरूरी

पैक्ड पेयजल और मिनरल वाटर बेचने वाली कंपनियों के लिए भारतीय मानक ब्यूरो का प्रमाणन अनिवार्य माना गया है। बीआईएस द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार ही पानी का शुद्धिकरण और पैकेजिंग की जानी चाहिए। यदि कोई कंपनी बिना बीआईएस प्रमाणन के पानी बेचती है तो उस पर कार्रवाई की जा सकती है।

निर्माण और एक्सपायरी तिथि लिखना अनिवार्य

पैक्ड पानी की बोतलों और पाउच पर निर्माण तिथि, एक्सपायरी तिथि, बैच नंबर और निर्माता का नाम स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिए। यह जानकारी उपभोक्ता को उत्पाद की गुणवत्ता और सुरक्षा के बारे में जानकारी देती है। यदि यह जानकारी नहीं दी जाती तो इसे नियमों का उल्लंघन माना जाता है।

### नियमित लैब टेस्ट जरूरी

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार पैक्ड पानी का समय-समय पर लैब परीक्षण किया जाना चाहिए। इसमें बैक्टीरिया, रासायनिक तत्व और अन्य हानिकारक पदार्थों की जांच की जाती है। यदि पानी मानकों के अनुरूप नहीं पाया जाता तो उस प्लांट का लाइसेंस निरस्त किया जा सकता है।

### प्रशासन की जिम्मेदारी

खाद्य सुरक्षा विभाग और जिला प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वे शहर में संचालित सभी पैक्ड पेयजल इकाइयों की नियमित जांच करें। यदि कोई कंपनी नियमों का उल्लंघन करते हुए अमानक पानी बेच रही है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। इससे न केवल उपभोक्ताओं का स्वास्थ्य सुरक्षित रहेगा बल्कि बाजार में गुणवत्ता मानकों का पालन भी सुनिश्चित होगा।

# नगरीय विकास के कार्य निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के अनुरूप पूरे किए जाएं-कलेक्टर



### अमृत-2.0 और पीएम आवास योजना के कार्यों में तेजी लाने कलेक्टर ने दिए निर्देश

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में जिले के नगरीय निकायों के संचालित विकास कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सिविल वर्क मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल के माध्यम से प्रारंभ, अप्रारंभ एवं प्रगतिरत निर्माण कार्यों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित एवं अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र प्रारंभ किया जाए और प्रगतिरत कार्यों में तेजी लाकर उन्हें निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराया जाए।

उन्होंने कहा कि सभी विकास कार्य शासन द्वारा निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप पूरे किए जाएं। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के सभी नगरीय निकायों के निर्माण कार्यों की जानकारी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज की जाए। पारदर्शिता और बेहतर मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक 15 दिन में निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण कर अपडेटेड फोटोग्राफ्स पोर्टल पर अपलोड किए जाएं, ताकि कार्यों की प्रगति की निगरानी हो और निर्माण के दौरान आने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके। बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के प्रथम चरण और पीएमएवाई-2.0 के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने नगरीय निकायों को निर्देशित किया कि सत्यापित एवं सर्वेक्षित हितग्राहियों की सूची आगामी 7 दिनों में जिला स्तर पर अनुमोदन हेतु प्रस्तुत की जाए, ताकि लाभार्थियों को समय पर योजना का लाभ मिल सके।

कलेक्टर ने कॉलरी क्षेत्र के नगरीय निकायोंकृडोला, डूमरकछार, बनगवां एवं बरगवां-अमलाई में संचालित जनहितकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए अमृत-2.0 पेयजल परियोजना के कार्यों में आ रही समस्या की जानकारी प्राप्त की। बैठक में उपस्थित एसईसीएल हसदेव क्षेत्र के एजीएम ने बताया कि परियोजना के 9 चिन्हित स्थलों में से 7 स्थल एसईसीएल के अधिग्रहित क्षेत्र से बाहर हैं, जबकि 2 स्थल अधिग्रहित क्षेत्र में आते हैं, जिनके लिए अनुमति आवश्यक है। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि अमृत-2.0 केंद्र प्रायोजित जनकल्याणकारी योजना है, जिससे कॉलरी क्षेत्र के निवासियों के साथ-साथ एसईसीएल के कर्मचारी भी लाभान्वित होंगे। उन्होंने एसईसीएल प्रबंधन को शेष स्थलों के लिए शीघ्र एनओसी जारी करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार, प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्र हितग्राहियों को आवास निर्माण में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) समय-सीमा में प्रदान करने के निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री कायाकल्प योजना के तहत मार्ग निर्माण, अमृत-2.0 योजना के अंतर्गत पार्क विकास, जल संरचनाओं का संरक्षण और जलापूर्ति कार्य, मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना, विशेष नीति और विधायक/विशेष निधि से स्वीकृत विकास कार्यों की भी प्रगति की समीक्षा की। संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने और समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्राशी अग्रवाल, जिले के सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर मिशन प्रबंधक (डूडा) तथा नगरीय निकायों के इंजीनियर उपस्थित रहे।

## 1008 श्री आदिनाथ भगवान जन्म कल्याणक महोत्सव उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया



**अमरकंटक।** मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन, धार्मिक एवं आध्यात्मिक तीर्थस्थल पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित दिगंबर जैन सर्वोदय तीर्थ क्षेत्र जैन मंदिर में प्रथम तीर्थंकर 1008 श्री आदिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक महोत्सव चैत्र कृष्ण पक्ष नवमी, मूल नक्षत्र के पावन अवसर पर अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ परंपरागत विधि-विधान से मनाया गया। इस अवसर पर जैन समाज के बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर भगवान की पूजा-अर्चना कर पुण्य लाभ अर्जित किया। महोत्सव के अंतर्गत प्रातःकाल से ही जैन मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत हो गई। प्रातः 8 बजे भगवान आदिनाथ का महा मस्तकाभिषेक श्रद्धालुओं द्वारा अत्यंत श्रद्धा भाव से संपन्न किया गया। भक्तों ने पवित्र जल, पंचामृत एवं विभिन्न पवित्र द्रव्यों से भगवान का अभिषेक कर मंगलकामनाएं कीं। इसके पश्चात प्रातः 8:30 बजे शांति धारा का आयोजन किया गया, जिसमें विश्व शांति, समाज की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की मंगल कामनाएं की गईं। अगले चरण में आयोजित धार्मिक विधान कार्यक्रम में जैन समाज के श्रद्धालुओं ने भगवान आदिनाथ के दिव्य गुणों का स्मरण करते हुए पूजन-अर्चन एवं आराधना की। इस दौरान पूरा जैन मंदिर परिसर भक्ति, साधना और आध्यात्मिक वातावरण से ओतप्रोत रहा। श्रद्धालु पूरे समय धर्म आराधना और भक्ति में लीन दिखाई दिए। जन्म कल्याणक महोत्सव के पावन उपलक्ष्य में दोपहर 12 बजे से विशाल भोजन भंडारा एवं प्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 5000 से अधिक श्रद्धालुओं ने बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। इस भव्य आयोजन में छत्तीसगढ़ प्रांत के खोडरी, पेंड्रा रोड, गौरेला, तथा मध्य प्रदेश के अनूपपुर, बुढार, धनपुरी और शहडोल सहित विभिन्न स्थानों से सैकड़ों की संख्या में जैन समाज के श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान पेंड्रा निवासी नितिन जैन ने 35,000 रुपये की बोली लगाकर भगवान आदिनाथ का महा मस्तकाभिषेक, शांति धारा एवं विधान करने का सौभाग्य प्राप्त किया। समस्त पूजन-अर्चन की विधियां मंदिर के पुजारी दया जैन द्वारा विधिपूर्वक संपन्न कराई गईं। इस भव्य धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में देवेंद्र जैन, चिन्नू जैन, अभिषेक जैन, प्रकाशचंद जैन, गौरव जैन, राकेश जैन, संदीप जैन, पंकज जैन, आदित्य जैन, अनुज जैन, सुनील जैन, सुशील जैन, सोनू जैन, मोनू जैन, निलेश जैन, प्रशांत जैन, महेश जैन, वीरेंद्र जैन सहित जैन समाज के अनेक सदस्यों का उल्लेखनीय एवं सराहनीय योगदान रहा। संध्या काल में भगवान आदिनाथ की महा आरती का आयोजन किया गया, जिसके पश्चात जबलपुर की खुशी जैन द्वारा भक्ति एवं संगीत से परिपूर्ण संगीतमय प्रस्तुति दी गई। पूरे दिन जैन मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़, चहल-पहल और भक्तिमय वातावरण बना रहा।

**प्रथम जिला न्यायाधीश कोतमा जिला अनूपपुर (म.प्र.)**

Presiding Officer : श्री गंगा चरण दुबे
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु) (RCS 42/2025)

अशोक कुमार गौतम Vs
प्राधिकृत अधिकारी सेंटल बैंक

Process Id- 2026
पेशी दिनांक :- 6/04/2016

यह कि प्रार्थी अशोक कुमार गौतम ने आपके विरूद्ध व्यवहारवाद के लिए वाद संस्थित किया है, वादी, प्राधिकृत अधिकार सेन्ट्रल आफ इंडिया क्षैत्रीय कार्यालय 601 नेपियर टाउन जबलपुर म.प्र. एवं अमर केशरवानी पिता स्व. रामचरण केशरवानी एवं अनिता केशरवानी पति अमर केशरवानी दोनो निवासी हाल पुलिस लाइन शहडोल जिला शहडोल म.प्र. के निवासी है, जिसके संबंध में घोषणा चाही गई है। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 11-03-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

गंगाचरण दुबे
सील
प्रथम जिला न्यायाधीश, कोतमा
जिला अनूपपुर (म.प्र.)

कृपया ध्यान दें:- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## जन अभियान परिषद अंतर्गत ग्राम थानगांव में प्रस्फुटन समितियों का प्रशिक्षण सम्पन्न



**अनूपपुर।** जन अभियान परिषद अंतर्गत ग्राम पंचायत थानगांव के पंचायत भवन में ग्राम स्तर पर कार्यरत समितियों के सदस्यों की कार्यक्षमता बढ़ाने, ग्राम विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा परिषद की योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से प्रस्फुटन समितियों का क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन सारथी पर्यावरण संरक्षण एवं जनकल्याण संस्था द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान जनभागीदारी, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, सामाजिक समरसता और जनकल्याण से जुड़े विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में परिषद की योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने एवं ग्राम विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।